Rapid Fire करेंट अफेयर्स (29 November)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-29-november

- SC का फैसला देश में बनी रहेगी मृत्युदंड की सज़ा, 2:1 के बहुमत से कायम रखी मृत्युदंड की संवैधानिक वैधता
- आज सुबह 9:58 पर आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा (सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र) से इसरो ने किया HysIS का प्रक्षेपण, हाईपर स्पेक्ट्रल इमेजिंग सेटेलाइट है पूरा नाम, पृथ्वी की सतह का अध्ययन करना है इसका उद्देश्य, PSLV-C43 के साथ 8 देशों के 30 उपग्रह किये गए प्रक्षेपित,
- टेक्सास यूनिवर्सिटी के शोधकर्त्ताओं ने कैलिफोर्निया की खाड़ी में खोजी deep sea microbes की 20 नई प्रजातियाँ, जीवित रहने के लिये करती हैं मीथेन जैसे हाइड्रोकार्बन का उपभोग, ग्रीनहाउस गैसों को वातावरण में प्रसारित होने से रोकती हैं, साथ ही दूसरे हानिकारक तत्त्वों का करती है क्षय
- 40 हज़ार साल पहले ही खगोलीय घटनाओं के बारे में जान गए थे प्राचीन मानव, यूरोपीय गुफाओं के चित्रों से चला पता, तारों की स्थिति बदलने से प्राप्त करते थे समय और काल का जानकारी, ब्रिटेन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ इडेनबर्ग के शोधकर्त्ताओं ने की खोज
- अमेरिका ने लगाया निकारागुआ की उपराष्ट्रपति रोसेरियो मुरिलो पर प्रतिबंध; निकारागुआ के राष्ट्रपति डेनियल ओर्टेगा की पत्नी हैं मुरिलो; अमेरिकी नागरिक, बैंक और कंपनी नहींकर सकेंगे इस दंपत्ति के साथ किसी भी तरह का लेन-देन;मुरिलो पर हत्या, उत्पीड़न और अपहरण में लिप्त संगठन को बढ़ावा देने का है आरोप
- 28 से 30 नवंबर, 2018 के दौरान महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के सिलसिले में 'दक्षिण एशिया क्षेत्रीय युवा शांति सम्मेलन' का आयोजन; कृषि मंत्रालय की 'शिक्षक गांधी स्मृति और दर्शन समिति' UNESCO- MGIEP तथा स्टेंडिंग टूगेदर टू अनेबल पीस जैसे संगठन कर रहे हैं मेज़बानी
- National Research Laboratory CSIR-Institute of Microbial Technology जर्मनी की एक अग्रणी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कंपनी मर्क के साथ चंडीगढ़ में करेगी एक उच्च कौशल विकास केंद्र की स्थापना; जीन एडिटिंग और सिंगल – मोलेक्यूल बायोमार्कर डिटेक्शन जैसी नई पीढ़ी के प्रौद्योगीकियों से लैस होगा नया केंद्र
- एयर इंडिया की ग्राउंड हैंडलिंग सब्सिडियरी एयर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटिड की रणनीतिक बिक्री को मिली मंज़ूरी; मंत्रियों की समिति यानी आल्टरनेटिव मैकेनिज्म ने दी अनुमति, सब्सिडी राशि को कर्ज उतारने हेतु किया जाएगा इस्तेमाल
- केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री अरुण जेटली ने किया 'मेकिंग ऑफ न्यू इंडिया: ट्रांसरफॉर्मेशन अंडर मोदी गवर्नमेंट' पुस्तक का विमोचन; पहली प्रति सौंपी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को. डॉ. बिबेक देबरॉय, डॉ. अनिर्बान गांगुली और किशोर देसाई हैं पुस्तक के संपादक
- कर्ज संकट से घिरे सार्वजनिक बैंक IDBI की 51% हिस्सेदारी खरीदेगा LIC, भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) ने सरकारी बीमा कंपनी का प्रस्ताव किया स्वीकार, इस सौदे से बैंकिंग क्षेत्र में प्रवेश करेगी LIC

- केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने हिमाचल प्रदेश (मंडी) में की आपात प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ERSS) की शुरुआत, ERSS के तहत अखिल भारतीय एकल आपात नंबर '112' की भी हुई शुरुआत, ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बना हिमाचल प्रदेश
- हॉकी विश्व कप, 2018 का शानदार आगाज़, भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 5-0 से रौंदा, सिमरनजीत बने 'मैन ऑफ द मैच', अगला मुकाबला बेल्जियम से
- केरल की विनाशकारी बाढ़ में निःस्वार्थ सेवा एवं बहादुरी का परिचय देने वाले भारतीय नौसेना के कमांडर विजय शर्मा और कैप्टन पी. राजकुमार को मिला 'एशियन ऑफ द ईयर' पुरस्कार
- अरविंद सक्सेना बने UPSC के नए चेयरमैन, 7 अगस्त, 2020 तक रहेंगे पदासीन, 2015 में UPSC में हुए थे सदस्य के तौर पर शामिल, मेरीटोरियस सेवा के लिये हो चुके हैं सम्मानित
- 49वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) 28 नवंबर, 2018 को गोवा में हुआ समाप्त, सर्गेई लोज़नित्सा द्वारा निर्देशित फिल्म डोनबास ने जीता स्वर्ण मयूर पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिये चुने गए लिजो जोस पेलिसरी, चेम्बैन विनोद सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अनास्ताशिया पस्तोविट चुनी गईं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री
- कोयंबटूर ऑटो स्पोर्ट्स क्लब के जे.पृथ्वीराज चुने गए इंडियन मोटरस्पोर्ट्स क्लब यूनियन के अध्यक्ष. 58 साल के पृथ्वीराज को अकबर इब्राहीम के स्थान पर चुना गया
- IT कंपनी विप्रो के चेयरमैन अजीज प्रेमजी को मिला फ्राँस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर', भारत में फ्राँसीसी राजदूत ने किया प्रेमजी को सम्मानित, भारत में IT इंडस्ट्री को विकसित करने में अहम योगदान और फ्राँस में आर्थिक पहुँच के लिये किया जा रहा है सम्मानित
- A.M.नाईक बने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) के चेयरमैन, वर्तमान में हैं भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग तथा निर्माण कंपनी 'लार्सन और टूब्रो लिमिटेड (L&T) के समूह अध्यक्ष